तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 न नौकरी मिली, न बसाहट मांगों को लेकर ग्रामीण बैठे धरने पर



KCC KORBA COMPUTER COLLEGE
कोरबा कम्प्यूटर कॉलेज
शिक्षक दिवस पर हार्दिक बधाई...
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से मान्यता प्राप्त
आज प्रवेश हेतु अंतिम दिन
BCA | BBA | Bcom | DCA | PGDCA | MSC(cs)
Get Upto 100% Scholarship
Admission Open
*T&C Applied
Address Budhwari - Ghanta Ghar Road Korba (C.G.) Website www.kcc.ac.in +91 9907119500

## खबर संक्षेप

### लापरवाही बरतने वाले पटवारी को किया गया निलंबित

**कोरबा।** अनुविभागीय अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा द्वारा 14 अगस्त को प्रतिवेदन के अनुसार पटवारी जितेन्द्र कुमार भावे प.ह.नं.-20 लाद तहसील-पोड़ीउपरोड़ा जिला-कोरबा (छ०ग०) (वर्तमान पदस्थापना तहसील कार्यालय अजगरबहार) के द्वारा अपने पदीय क्षेत्र के शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरते जाने के फलस्वरुप छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (1) नियम-3 (क) (ख) (ग) का उल्लंघन किया गया। जिस पर जितेन्द्र कुमार भावे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में जितेंद्र कुमार को मुख्यालय तहसील कार्यालय बरपाली नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### स्वामी विवेकानंद युवा समिति करेगी कबड्डी का आयोजन

**कोरबा।** युवाओं में खेल भावना और उत्साह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद युवा समिति द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 5 सितम्बर को प्रातः 9 बजे से अप्पू गार्डन के आगे ढोढ़ीपारा वार्ड क्रमांक 17 स्थित मेन गणेश पंडाल में शुरू होगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत शामिल होंगी। प्रतियोगिता पुरुष वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रवेश शुल्क 250 रुपये रखा गया है। विजेता टीमों को क्रमशः 15 हजार, 11 हजार, 7 हजार और 3100 रुपये नगद पुरस्कार के साथ शील्ड प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर और बेस्ट ऑल-राउंडर को 500 रुपये नगद व शील्ड से सम्मानित किया जाएगा।

## पहाड़ से टूटकर चट्टान का हिस्सा गिरा सड़क पर, सतरेंगा-गढ़-उपरोड़ा मार्ग में आवाजाही बंद

# मूसलाधार बारिश से गढ़उपरोड़ा मार्ग में भूस्खलन, आवागमन बाधित




गढ़ उपरोड़ा मार्ग पर भूस्खलन से गिरा पहाड़ का मलबा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अजगरबहार से देवपहरी जाने वाले मार्ग पर गढ़उपरोड़ा के पास गुरुवार की सुबह बड़ा हादसा टल गया। अचानक पहाड़ से चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा टूटकर सड़क पर आ गिरा, जिससे पूरा मार्ग अवरुद्ध हो गया। यह मार्ग क्षेत्र का मुख्य संपर्क मार्ग है, जहां से रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। भूस्खलन होने से मार्ग में आवागमन बाधित हो गया है।

जिले में बुधवार की दोपहर से हो रही मूसलाधार बारिश अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। गुरूवार की सुबह लगभग 11 बजे गढ़उपरोड़ा मार्ग पर एक बड़ा हादसा घटित हो गया। पहाड़ से चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा टूटकर सड़क पर आ गिरा, जिससे पूरा मार्ग अवरुद्ध हो गया। देखते ही देखते सडक़ पर भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया और मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया। जिले में लगातार हो रही बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। यह मार्ग क्षेत्र का मुख्य संपर्क मार्ग है, जहां से रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। इसके अलावा यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है, जहां हर रोज सैकड़ों पर्यटक घूमने-फिरने पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क बंद होने से लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। भूस्खलन के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और तुरंत ही इसकी सूचना प्रशासन को दी गई। बताया जा रहा हैं की अब तक सडक़ से मलबा हटाने का कार्य शुरू नहीं हो पाया हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासन सक्रिय होकर मलबा नहीं हटाता, तब तक आवाजाही ठप्प रहेगी। बारिश से पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की आशंका बनी हुई है, जिसके चलते लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से इस मार्ग पर यात्रा न करें। प्रशासन ने भी स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही है।

### हसदेव दर्री बराज से 17 हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही झमाझम बारिश की वजह से हसदेव दर्री बराज की सहायक नदियां से भी लगातार पानी आ रहा है तो वहीं बांगो बांध के हाइडल प्लांट से पानी आ रहा है। लगातार पानी आने की वजह से गुरुवार की तड़के 4 बजे ही हसदेव दर्री बराज के दो गेट गेट नंबर 7 को 8 फीट और गेट नंबर 12 को 5 फीट खोल दिया गया था जिससे लगभग 17 हजार 325 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो बांगो बांध का पानी पहुंचने में लगभग 8 घंटे का वक्त लगता है यदि वाटर लेवल इसके बाद भी मैनेज नहीं हुआ तो हसदेव दर्री बराज के कुछ गेट और खोले जा सकते हैं।

### वर्षों पुराना पुल चढ़ा बारिश की भेंट, आवागम बाधित

क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते चाकाबुड़ा को बांकीमोंगरा से जोड़ने वाला वर्षों पुराना पुल गुरूवार की दोपहर 3 बजे ढह गया। पुल का करीब 10 मीटर लंबा स्लैब अचानक भरभराकर पानी में बह गया, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। पुल ढहने की इस घटना से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर शासकीय हाईस्कूल देवरी में पढ़ने वाले चाकाबुड़ा, बुंदेली और कसाईपाली के छात्र-छात्राओं को स्कूल से घर लौटने के लिए वैकल्पिक रास्ते से ढेलवाडीह, सिंघाली और जवाली होते हुए 14 से 15 किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ा। इस घटना से न केवल राहगीरों को बल्कि निजी उद्योगों में कार्यरत सैकड़ों कर्मचारियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब इन कर्मचारियों को अपने कार्यस्थलों तक पहुंचने के लिए लंबा और कठिन वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है, जिससे समय की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल कई वर्षों से जर्जर स्थिति में था, जिसकी मरम्मत की मांग बार-बार उठाई जा रही थी, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते आज यह दुर्घटना घट गई। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था और पुल के पुनर्निर्माण की मांग की है ताकि स्कूली बच्चों और आम नागरिकों को राहत मिल सके।



### निचली बस्तियों में भरा पानी, रतजगा कर गुजारी रात



लगातार हो रही बारिश ने नेहरू नगर कुआभट्टा क्षेत्र में कहर बरपा दिया है। बुधवार की रात हुई मूसलधार बारिश ने अंजनी कुंज हनुमान मंदिर के आसपास की निचली बस्तियां जलमग्न हो गई है। घरों में घुसा पानी लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गया। बरसाती पानी के तेज बहाव से घरों के भीतर तक पानी घुस गया। खाने-पीने का सामान, कपड़े और जरूरी वस्तुएं खराब हो गईं। लोग पूरी रात बच्चों को लेकर रतजगा करने मजबूर हो गए। सुबह होते ही लोगों को पानी निकालने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या हर साल बारिश में दोहराई जाती है। पूर्व और वर्तमान महापौर से लेकर नगर पालिक प्रशासन तक को शिकायतें की गई और पत्राचार भी किया गया, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकला। रिहायशी इलाकों के लोग अब स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि हर साल की यह जलभराव की समस्या केवल आश्वासन से खत्म नहीं होगी, ठोस कार्ययोजना और जिम्मेदारी तय करना जरूरी है। लोगों ने कहा कि जब सुशासन के दावे सरकार कर रही है तो हमारे क्षेत्र में ऐसी तस्वीर कब नजर आएगी। कुआंभट्ट क्षेत्र में निर्मित हुई इस समस्या के कारण लोग परेशान रहे और टुल्लू पम्प से पानी निकालते रहे। दीवारों और आसपास के हिस्से में नमी के कारण भविष्य के खतरे ने भी लोगों को संशय में डाल रखा है।

### पुल से दो फीट ऊपर बह रही लीलागर नदी

पिछले माह 7 जुलाई को लीलागर नदी पुल से लगभग तीन फीट ऊपर बह रही थी। वहीं 4 अगस्त को सुबह हरदीबाजार से रेंकी लीलागर नदी पुल से दो फीट ऊपर बहने लगी, जिससे हरदीबाजार, सुवाभोंडी, रेंकी, अंडीकछार, चोंढ़ा, नोनबिर्रा, रतिजा एवं पाली ब्लाक मुख्यालय आने-जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का समाना करना पड़ा। पानी के तेज बहाव के साथ लीलागर नदी पुल से दो फीट ऊपर बहने से कम होने में लगभग 5 घंटे बाद ही आवागमन शुरु हुई। क्षेत्र में हरदीबाजार से रेंकी पुल व हरदीबाजार से नेवसा पुल कम ऊंचाई होने से हर साल बारिश में यही स्थिति रहती है, लेकिन हरदीबाजार से नेवसा पुल पर बड़े पुल का निर्माण हो रहा है, जो अगले वर्ष बारिश से पूर्व बन जाने की संभावना है। वहीं हरदीबाजार से रेंकी लीलागर नदी का पुल बहुत ही छोटी होने से यह समस्या बनी रहेगी, जब तक इस पर भी बड़ा पुल नहीं बन जाता।



### लीलागर नदी में फंसे दो चरवाहे, एसडीआरएफ की टीम करेगी रेस्क्यू

कोरबा। पिछले 24 घंटे से जिले सहित आसपास के पड़ोसी जिलों में लगातार बारिश हो रही है। लगातार बारिश होने की वजह से नदी नाले उफान पर हैं और चारों तरफ लबालब पानी भरा हुआ है। बताया जाता है कि बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुमेधा निवासी दो चरवाहे दोपहर को लीलागर नदी के आसपास मवेशियों को चरा रहे थे। इस दौरान लीलागर नदी का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ गया और वे बाहर नहीं आ पाए। बताया जाता है कि दोनों चरवाहे टापू पर बैठे हुए हैं। जैसे ही देर शाम को प्रशासन और पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस की टीम व प्रशासन मौके पर पहुंची है। जहां एसडीआरएफ की टीम को मौके पर तलब किया गया है। एसडीआरएफ टीम के मौके पर पहुंचते ही दोनों चरवाहे को लीलागर नदी के टापू से रेस्क्यू कर बाहर निकलने का प्रयास किया जाएगा।

## बांगो बांध से कुल 32420 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हसदेव नदी में

# लगातार बारिश, बांगो बांध के खुले 4 गेट, फिर भी जलस्तर बना हुआ है स्थिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहित आसपास के पड़ोसी जिले में पिछले कई दिनों से लगातार झमाझम बारिश हो रही है। तेज बारिश होने की वजह से बांगो बांध का जलस्तर लबालब हो गया और हाईडल प्लांट से जलस्तर कंट्रोल

**खास बात**

- वाटर लेवल नहीं हुआ मैनेज तो देर रात को और भी खुल सकते हैं गेट

नहीं हुआ तो बांगो बांध के चार गेट खोल दिया गया जिससे 23 हजार 420 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जबकि हाईडल प्लांट से 9 हजार क्यूसेक कुल 32 हजार 420 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध का जलस्तर पिछले 15 दिनों से 357 मीटर पर स्थिर बना हुआ था। बांगो बांध में बने हाईडल प्लांट को 72 घंटे संचालित किया जा रहा था जिससे 9 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा था।



बांगो बांध का 4 गेट खोलकर छोड़ा जा रहा पानी।

बुधवार की रात पड़ोसी जिले कोरिया, सूरजपुर जो बांगो बांध का केचमेंट इलाका है। इस इलाके में बहुत तेज बारिश हुई जिसके चलते बांगो बांध का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा था। वाटर लेवल को मैनेज करने के लिए गुरुवार की सुबह गेट खोलने का निर्णय लिया गया। दोपहर 2 बजे मिनीमाता बांगो बांध का लेवल 358.10 मीटर जा पहुंचा जो कुल जलभराव का 90.71 प्रतिशत होने के कारण से मुख्य अभियंता बिलासपुर तथा अधीक्षण अभियंता कोरबा के आदेश पर बांगो बांध के 4 गेट खोले गए जिसमें गेट न. 4 को 0.50 मीटर खोलकर 2960 क्यूसेक पानी, गेट न. 5 को 1.50 मीटर खोलकर 8750 क्यूसेक पानी, गेट न. 6 को 1.50 मीटर खोलकर 8750 क्यूसेक पानी, गेट न. 8 को 0.50 मीटर खोलकर 2960 क्यूसेक पानी कुल 23 हजार 420 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है जबकि हाइड्रेल प्लांट के द्वारा 9000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है इस प्रकार बांध से कुल 32 हजार 420 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। इसके बाद भी बांध का वाटर लेवल कम नहीं हो रहा है। देर शाम 7 बजे बांगो बांध का वॉटर लेवल 358.10 मीटर पर स्थिर बना हुआ है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र नीखरा ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल 4 गेट से वॉटर लेवल को मैनेज किया जा रहा है। यदि केचमेंट इलाके से पानी और तेज आया तो देर रात बांगो बांध के कुछ और गेट खोले जा सकते हैं।

### इन गांवों को जारी की गई चेतावनी

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में हो रही भारी बारिश को ध्यान में रखते हुए बाढ़ की स्थिति के नियंत्रण हेतु बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर निकालना सुनिश्चित कर लें। अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध एवं हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग को बाढ़ क्षेत्र में आने वाले गांवों में बाढ़ चेतावनी की मुनादी करवाने की अपील की गई है। बाढ़ क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, चर्रा, पोड़ीउपरोड़ा, कोनकोना, लेपरा, टुनियाकछार, पाथा, गाड़ाघाट, छिनमेर, कछार, कल्मीपारा, सिलयारीपारा, जुनापारा, तिलाईडांड, डुगुपारा, टुंगुमाड़ा, छिर्रापारा, मछलीबाटा, कोरियाघाट, धनगांव, डोंगाघाट, नरमदा, औराकछार, सोनगुड़ा, जेल गांव, झाबू, नवांगांव, तिलसाभाटा, लोतलोता, स्याहीमुड़ी, कोडा, हथमार, झोरा, सिरकीकला आदि शामिल हैं।

### लक्ष्मण नाला उफान पर, बढ़ी परेशानी

कोरबा-दीपका मार्ग पर कुसमुंडा के समीप लक्ष्मण नाला उफान पर है। जिले में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश की वजह से नाले का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। लक्ष्मण नाला उफान पर होने की वजह से स्कूली बच्चों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जान जाखिम में डालकर वाहन चालक नाला पार कर रहे हैं। जलस्तर बढ़ने की वजह से लोगों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना पड़ रहा है।



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### महिला की उपचार के दौरान हुई मौत

**बिश्रामपुर।** करंजी ग्राम निवासी 32 वर्षीय महिला की उपचार के दौरान बुधवार को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।करंजी पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय महिला सोनमति सिंह पिता बुधराम का विवाह ग्राम रमकोला में हुआ था,उसे उसका पति पेट संबंधी बीमारी होने के बाद चार वर्ष पूर्व उसे उसके मायके करंजी ग्राम छोड़ दिया जिसका परिजन उपचार करा रहे थे,कल अचानक पेट दर्द की शिकायत के बाद परिजन उसे मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए दाखिल कराया जहां उसकी मौत हो गई।परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### ऑटो पलटने से युवक की मौत, तीन घायल

**अम्बिकापुर।** सड़क के गड्ढे में ऑटो का पहिया चले जाने से ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में ऑटो के नीचे दबे युवक की मौत हो गई जबकि सवार तीन युवक घायल हो गए। चरचा थाना अंतर्गत ग्राम खरवत महुआपारा निवासी विकास कुमार राजवाड़े आ. स्व. कमल साय (22 वर्ष ) 1 सितम्बर को दोस्त निलेश, राहुल, साहिल सहित अन्य दोस्तों के साथ काम करने कटघोड़ी गया था। काम करने के पश्चात सभी ऑटो से घर लौटने लगे और जैसे ही महुआपारा हनुमान मंदिर के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे ऑटो को चालक ने साइड दिया तो ऑटो का एक पहिया सड़क के गड्ढे में चले जाने से ऑटो पलट गई जिससे वाहन के नीचे दबने से विकास सहित उसके दोस्त घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने विकास की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अम्बिकापुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### बंधवापारा, जरहाभाठा,दयालबंद, सकरी, सिरगिट्टी और तिफरा के कई घरों में खाना नहीं बना

# सिविल लाइन थाने के सामने के डिवाइडर को पानी निकासी के लिए तोड़ना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले तीन दिनों से झमाझम बरसात होने के कारण शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। निचली बस्तियों के साथ ही बड़ी कालोनियों में पानी भर गया। लोगों के घर में गंदा पानी घुस गया तो कुर्सी बर्तन तक डूब गए। बंधवापारा, जरहाभाठा से लेकर दयालबंद, सकरी, सिरगिट्टी और तिफरा के कई घरों में खाना नहीं बना। 200 से अधिक घरों में पानी घुस गया और लोग निगम और प्रशासन को कोसते रहे। सरकंडा, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, तोरवा और पुराना बस स्टैंड जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। इसके साथ ही हंसा विहार, मित्र विहार कालोनी ,श्रीकांत वर्मा मार्ग, बस स्टैंड, विद्यानगर, मिनीमाता चौक, भारतीय नगर रोड, ओमनगर में पानी भर गया।

रात 2 बजे से सुबह 7 बजे तक हुई मूसलाधार बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। कलेक्टर बंगले से लेकर श्रीकांत वर्मा मार्ग, विद्यानगर, विनोबा नगर, मित्र विहार, हंसा विहार, पुराना बस स्टैंड और गोल बाजार रोड पर एक से ढाई फीट तक पानी भर गया। सिविल लाइन थाने के सामने बने डिवाइडर को पानी निकासी के लिए तोड़ना पड़ा। इस दौरान लोग काफी गुस्सें में थे। सरकंडा क्षेत्र के चौबे कालोनी, शिवम होम्स, अरविंद नगर, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, तोरवा जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। टेलीफोन एक्सचेंज रोड, लिंक रोड, विद्या नगर, तोरवा चौक, तालापारा, व्यापार विहार सहित शहर की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। बिरकोना खार में बारिश से बंधवापारा, जोरापारा और सरकंडा के 50 से अधिक घरों में पानी भर गया।


पानी भरने से तालाब बन गया सिरगिट्टी हाईस्कूल परिसर।

### 70 स्थानों से निगम ने निकाला पानी

पिछले 18 घंटो से हो रही भारी बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई है। लगातार शिकायतों के बाद निगम की टीम फील्ड पर तैनात हुई। सभी जोन कमिश्नर, इंजीनियर और सफाई अमला जल भराव वाले क्षेत्रों में पहुंचा। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने खुद भी पूरे शहर का दौरा कर जल भराव वाले स्थानों में कार्यों का जायजा लिया। इसके अलावा इंजीनियर,सफाई एवं अतिक्रमण अमले को अगले 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। निगम की टीम ने पुराना बस स्टैंड,जरहाभाठा, तैयबा चौक, बंधवापारा, जोरापारा चांटीडीह,मित्र विहार,श्रीकांत वर्मा मार्ग जैसे स्थानों से पानी निकाला। इन जगहों पर कच्ची नाली बनाकर पानी निकासी की गई। इसके अलावा मोटर पंप और जेटिंग मशीन का भी उपयोग किया जा रहा है। निगम के मुताबिक सभी जोन क्षेत्रों में कुल 70 स्थानों पर निगम ने पानी का निकासी की है। इसमें 33 स्थानों पर जेसीबी और पोकलेन के जरिए और 7 जगहों पर पंप द्वारा पानी निकासी की गई। इसके अलावा 32 जगहों पर निगम कर्मियों द्वारा मैन्युअली पानी निकासी की व्यवस्था की गई।

# 24 घंटे में जमकर बरसे बादल, 106 मिमी बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** जाते-जाते बारिश कहर बरपा रही है, पिछले 24 घंटे में 106 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस साल पूरे बारिश सीजन में 24 घंटे के भीतर इतनी बारिश नहीं हो सकी है, लेकिन बुधवार की रात झमाझम बारिश ने यह रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत राजनांदगांव, रायपुर और अन्य जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन चुका है जिसके चलते प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है। प्रदेश में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र और मानसून द्रोणिका की सक्रियता के कारण रह-रह कर बारिश का दौर जारी है। जिले में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज हवा के साथ भारी बारिश होने की आशंका है।



### बंगाल की खाड़ी का असर

बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।वहीं चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी तक फैला हुआ इस दौरान मानसून द्रोणिका भी सक्रिय है। इसी के चलते बारिश हो रही है। अगले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

### अब तक 971.8 मिमी बारिश

बिलासपुर जिले में मानसूनी बारिश के तहत 971.8 मिमी बारिश हो चुकी है। यह पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 887.3 मिमी से 84.5 मिमी अधिक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1220.8 मिमी तखतपुर तहसील में और सबसे कम बारिश 743.4 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। बिलासपुर तहसील में 1159.5 मिमी, बिल्हा में 907.7 मिमी, मस्तूरी में 869.3 मिमी,सीपत में 908.5 मिमी, बोदरी में 899.6 मिमी, बेलगहना में 1134.8 मिमी, बेलतरा में 904 मिमी, रतनपुर में 958.5 मिमी, सकरी में 1079.4 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 876 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।

# 10 घंटे बाद लगाया ट्रांसफार्मर सप्लाई शुरू होते ही फाल्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यह विडंबना ही है कि शहर में 17 घंटे बिजली व्यवस्था ठप होने की नौबत आ चुकी है। सिविल लाइन और मसानगंज क्षेत्र में मंगलवार से गुरूवार के बीच 17 घंटे बिजली बंद रही। जहां मंगलवार की शाम 5 बजे से बंद बिजली बुधवार की सुबह 11 बजे बहाल हो सकी, वहीं बुधवार की रात से ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद गुरूवार की सुबह 10.30 बजे सप्लाई शुरू की जा सकी। इस दौरान बिजली अधिकारियों की उदासीनता, कर्मचारियों की लापरवाही और ठेकेदार की कोताही का जीता जगाता नमूना दिखने को मिला। हाल यह है कि गुरूवार को भी एक बार सप्लाई नार्मल होने के बाद बारिश होने पर कई बार ट्रिपिंग की समस्या रही। बिजली विभाग इन दिनों अपंग हो चुका है, ना कर्मचारी है और ना ही ठेकेदारों के पर मरम्मत के लिए सामान है, ऐसे में जुगाड़ से विभाग चल रहा है। इसी का नतीजा है कि शहर के इलाकों में एक बार बिजली बंद होने के बाद कब बिजली सप्लाई नार्मल हो सकेगी, इसका जवाब अधिकारियों के पास भी नहीं होता है। गुरूवार को गोलबाजार में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण सदर बाजार फीडर बंद रहा, दिन में कई बार सप्लाई प्रभावित रही। मसानगंज, सरजू बगीचा, सिविल लाइन, विनोबा नगर, व्यापार विहार, कुदुदंड, सरकंडा, टिकरापारा, करबला रोड, जूना बिलासपुर जैसे इलाके स्मार्ट सिटी के अंतर्गत आते है, लेकिन यहां की बिजली व्यवस्था ग्रामीण इलाकों से बदत्तर हो चुकी है, उपभोक्ताओं को घंटों बिजली बंद का सामना करना पड़ रहा है, अन्य शहरों की अपेक्षा शहर में बारिश होते ही बिजली ठप पड़ रही है।

### कर्मचारियों की लापरवाही हावी

बिजली विभाग में अधिकारी व कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। संविदा कर्मचारियों के भरोसे काम चल रहा है, लेकिन काम के मामले में कर्मचारियों की लापरवाही सामने आती है। प्रशिक्षित कर्मचारियों के नहीं होने के कारण निर्माण और मरम्मत कार्य में बेवजह देरी होती है।


### मरम्मत में लगता है समय

एक साथ बहुत जगहों पर फाल्ट आने के कारण कर्मचारी फंस जाते हैं, ऐसे में किसी जगह की मरम्मत के लिए समय लग जाता है। दो दिनों से मसानगंज में दिक्कत आई है, ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली बंद रही है।


**-बीबी नेताम**, ईई पश्चिमी डिवीजन

### मेंटनेंस के नाम पर हरे-भरे पेड़ काटे

बृहस्पति बाजार और राजेन्द्र नगर सड़क पर बुधवार को मेंटनेंस के नाम पर हरे भरे पेड़ों की छटनी कर दी गई, लेकिन इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी डंगालों को सड़क पर ही छोड़कर चले गए। गणेशत्सव के चलते पूरी सड़क पर भीड़ रहती है, इस दौरान हर आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि गुरूवार को भी सड़क पर डंगाल पड़ी रही।















## खबर संक्षेप

### आज अवकाश पर भी खुला रहेगा महाविद्यालय, छात्र ले सकते हैं प्रवेश

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकाम, एमए, एमएससी, एम काम, प्रथम सेमेस्टर एवं पीजीडीसीए के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश लेने हेतु, इच्छुक छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि ईद-ए-मिलाद के अवकाश दिवस के दिन भी 5 सितंबर को महाविद्यालय प्रवेश के लिए खुला रहेगा। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र - छात्राए 5 सितंबर को महाविद्यालय आकर प्रवेश ले सकते हैं। उक्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य एम एम वैष्णव ने दी है।

### छात्रों ने निकाली आक्रोश रैली, सौंपा नायब तहसीलदार को ज्ञापन



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में बीए सेकेंड ईयर में अध्ययनरत बाता निवासी छात्रा ज्योति भारद्वाज की 1 सितंबर को सड़क हादसे में मौत हो गई। जिससे महाविद्यालय के छात्रों में गहरा रोष था। बुधवार दोपहर को महाविद्यालय के सभी छात्रों ने पहले ज्योति भारद्वाज को श्रद्धांजलि देकर गहरा शोक व्यक्त किया। फिर महाविद्यालय परिसर से पैदल मृतक ज्योति भारद्वाज की तस्वीर लेकर दो किलीमीटर आक्रोश रैली बस स्टैंड तक निकाली गई, जिसमें ज्योति भारद्वाज की मृत्यु का जिम्मेदार एसईसीएल प्रबन्धन व प्रशासन की लापरवाही को ठहराया है। छात्रों का कहना है चार माह से बस सुविधा की मांग की जा रही है यदि यह सुविधा मिल जाती तो शायद यह हादसा नहीं होता। मांग पर न तो एसईसीएल प्रबंधन गंभीर है न जिला प्रशासन। बस स्टैंड में नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता को जिला कलेक्टर के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा जिसमें कालेज के छात्रों के लिए तत्काल व नियमित बस सुविधा उपलब्ध कराने साथ ही महाविद्यालय प्रांगण में पड़े कबाड़ को भी तत्काल हटाने की मांग छात्रों ने रखी है।

### अग्रसेन जयंती के अवसर पर बैडमिंटन डबल्स व पीट्टुल प्रतियोगिता



**कोरबा।** महाराज अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित किया जा गया है जिसमें 2 सितंबर को श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में बिंगो हाउजी का आयोजन किया गया। जिसमें अग्रबन्धुओं ने कार्यक्रम बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। 4 सितंबर को सेटल एण्ड कॉक प्रतियोगिता बैडमिटन 18 वर्ष के उपर सभी के लिए श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में अयोजित की गई जिसमें 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सेल्फी विथ सास-ससुर 10 सितंबर तक सेल्फी भेजनी होगी। पीटठूल में 12 वर्ष से उपर की बालिकाओं व महिलाओं के लिए अयोजित की गई। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया 5 सितम्बर अग्र सुपर किडस डांसर्स वर्ग अ में कक्षा 1 से कक्षा 4 तक बालक व बालिकाओं के लिए वर्ग ब में कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए शाम 4 बजे श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में आयोजित होगी।

## निधन

### श्रीमती गौरी देवी बच्छ



**बांकीमोगरा।** कोरबा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित संजीवनी औषधालय में पदस्थ वरिष्ठ वैद्यराज लोमस कुमार बच्छ की धर्मपत्नी श्रीमती गौरी देवी बच्छ का निधन 4 सितंबर को हो गया। वे भरे पूरे परिवार को छोड़कर चली गई। उनका अंतिम संस्कार वर्तमान में पैतृक गांव नोनबिर्रा के सार्वजनिक मुक्तिधाम मे किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार, परिजन, नेमी प्रेमी सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों के वार्ड में भी बनी हुई है यह स्थित

# भवन की मरम्मत नहीं होने पर किराए के मकान में संचालित हो रही आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 6 वर्ष के बच्चों गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माता के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के लिए स्थापित की गई है यह केंद्र

**खास बात**

- वार्ड के हितग्राहियों को अब नहीं मिल रहा पौष्टिक आहार

स्वास्थ जांच टीकाकरण पोषण शिक्षा पूरक आहार और 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए फ्री स्कूल शिक्षा जैसी सेवाएं प्रधान करते हैं। वही बच्चों को स्वस्थ बनाए रखने के साथ समय पर आहार प्रशिक्षण वा अन्य योजनाओं का लाभ के साथ गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले समय-समय पर पौष्टिक आहार वह जानकारी जो आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को प्रदान की जाती है वह व्यवस्था एक किराए के मकान जो 10 गुणा 10 आकार पर स्थित है जिसमें व्यवस्था कर के दिया जा रहा है।



फाइल फोटो

प्रति पंचवर्षीय से सरकार आती जाती रही लेकिन कई बरसो से आंगनबाड़ियों की स्थिति जस की तरह बनी रही और किसी प्रकार का कोई सुधार या व्यवस्थाएं नहीं हो पाई बल्कि आंगनवाड़ी में अगल-बगल बचे हुए जमीन पर कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया, कार्यकर्ता के द्वारा बताया गया है कि बीच-बीच में आवेदन की शिकायत पर अधिकारी आए और खानापूर्ति कर चले गए जिस वजह से आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं के साथ बच्चों और महिलाओं को भी आंगनबाड़ी के प्रति मूलभूत आसुविधा देखी जानी पड़ी। आंगनबाड़ी के जर्जर स्थिति पर पूर्व पार्षद सुजीत कुलदीप से जानकारी प्राप्त की तो उनके द्वारा बताया गया कि बीते 2023 में आंगनबाड़ी की जर्जर स्थिति की शिकायत अधिकारियों के समीप आवेदन के तौर पर दिया गया था जो पारित भी कर दी गई थी लेकिन किसी कारणो वर्ष निरस्त कर दिया गया था परन्तु सुजीत कुलदीप के निरंतर पूना प्रयास पर पारित किया गया जिस पर क्षेत्र में 10 आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जाएगा जिसमें कुछ आंगनवाड़ी जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं और कुछ जर्जर स्थिति पर बनी पड़ी हैं। पूर्व पार्षद सुरजीत कुलदीप महिला वा बाल विकास नगर निगम कोरबा सांसद प्रतिनिधि पश्चिमी क्षेत्र के तौर पर नियुक्त किया गया है जिनके द्वारा आंगनवाड़ी में जो समस्या है व अन्य समस्या क्षेत्र में जो है उसे समय अंतराल बहाल करने की बात कही गई।

# भाजपा जिला इकाई की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी नई जिला पदाधिकारी टीम की घोषणा की। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने 6 उपाध्यक्ष, 6 मंत्री, 2 महामंत्री सहित कुल 18 पदाधिकारियों की सशक्त टीम गठित की है।

जिला अध्यक्ष श्री मोदी ने कहा कि नई टीम भाजपा की विचारधारा और योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी। यह टीम संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का काम करेगी। भाजपा जिला की नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के लिए प्रफुल्ल तिवारी, नवदीप नंदा, योगेश जैन, मंजू सिंह, रूकमणि नायक, रेणुका राठिया। महामंत्री अजय विश्वकर्मा, संजय शर्मा, मंत्री कमला किण्डो, कमला बरेठ, सतीश झा, अजय कंवर, अजय दुबे, विवेक मार्कण्डेय। कोषाध्यक्ष विवेक पांडेय, सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोरा, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र यादव को बनाया गया हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं में नई टीम को लेकर खासा उत्साह है और सभी को विश्वास है कि जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में संगठन और भी मजबूत होकर जनता की सेवा करेगा।

### महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने किया पौधरोपण

**कोरबा।** केन्द्र सरकार की योजना वोमेन फार ट्री के तहत शुक्रवार को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने निगम के सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। वहीं समूह की सदस्य महिलाओं ने इन पौधों के संरक्षण, संवर्धन व देखरेख किए जाने का संकल्प लिया। केन्द्र सरकार के योजना अमृत 2.0 मिशन के तहत वोमेन फार ट्री पहल अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं महिला भागीदारी को इस कार्य में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, जो भारत सरकार की एक पेड़ माँ के नाम मुहिम से प्रेरित है। इस पहल के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह को पौधा रोपण, उनकी देखभाल व संरक्षण व इसके प्रति जागरूता जैसे कार्यों से जोड़ा गया है।

# शिक्षकविहीन, एकल शिक्षकीय द्वि- शिक्षकीय विद्यालयों में पदस्थ हुए 5 सौ से अधिक शिक्षक



अध्यापन कराती शिक्षिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देशन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश भर में अपनाई गई युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से शहर से लेकर दूरस्थ गांव तक के सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले गरीब विद्यार्थियों के भाग खोल दिये हैं। अतिशेष शिक्षकों के समायोजन से उन हजारों विद्यालयों को शिक्षक मिल गया है, जहां वर्षों से शिक्षक की कमी थी।

**खास बात**

- युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में पढ़ाई हुई बेहतर

प्रदेश के लगभग 6 हजार एकल शिक्षकीय विद्यालय में अतिशेष शिक्षको का समायोजन किया गया है, जिससे 4 हजार 721 विद्यालय लाभान्वित हुए है। वही युक्ति युक्तकरण से पूर्व प्रदेश भर में 453 शिक्षकविहीन विद्यालय थे। इन विद्यालयों में से 446 विद्यालयों में अतिशेष शिक्षको की पदस्थापना कर राज्य शासन ने शिक्षक की कमी से वंचित विद्यार्थियों के भविष्य को गढ़ने के साथ ही शिक्षको की गारंटी और पढ़ाई के साथ बच्चों की भविष्य भी सुनिश्चित कर दी है। जिले में 500 से अधिक शिक्षकों को शिक्षकविहीन, एकलशिक्षकीय-द्विशिक्षकीय विद्यालयों में पदस्थ किया गया है। हाइ और हायर सेकंडरी विद्यालय के अतिशेष व्याख्याताओं को उन विद्यालयों में पदस्थ किया गया है, जहाँ गणित, रसायन, भौतिकी, हिंदी, अंग्रेजी, कामर्स विषयों के शिक्षकों की कमी थी। इससे पाठ्यक्रम भी समय पर पूरा होगा। विद्यालयों में शिक्षक की पदस्थापना से विद्यार्थी भी खुश है। शहर से लगभग सौ किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच पंडोपारा में रहने वाले पंडो समाज गाँव में स्कूल में बनी शिक्षको की कमी से चिंतित थे क्योंकि उनके बच्चे पाठशाला तो नियमित जाते थे लेकिन विद्यालय में एकमात्र शिक्षक होने का खमियाजा भी बच्चों को भुगतना पड़ता था। आखिरकार जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में ऐसे शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों की सुध ली गई तो युक्ति युक्तकरण जैसी व्यवस्था ने घने जंगलों में बसे पंडो जनजाति के बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की राह आसान कर दी। पंडोपारा के ग्रामीण मंगल सिंह पंडो ने बताया कि गाँव में स्कूल में दो शिक्षक होने से क्लास में सभी बच्चों की पढ़ाई तो होगी ही, अब कोई खाली नहीं बैठेगा। इसी विद्यालय में कक्षा चौथी के छात्र जगदेश्वर पंडो, तीसरी कक्षा के राजेन्द्र और दूसरी के मुकेश पंडो को भी खुशी है कि उनके स्कूल में नए गुरुजी पढ़ाने आ रहे हैं।

### मानदेय शिक्षक भी निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर कलेक्टर अजीत वसन्त द्वारा डीएमएफ से मानदेय शिक्षको की नियुक्ति अनेक विद्यालयों में की गई है। जिले के प्राइमरी स्कूल में 243, मिडिल स्कूल में 109 और हायर सेकंडरी स्कूल में 120 शिक्षको को मानदेय पर रखा गया है। ये शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। इन्हें विद्यालयों में शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में पदस्थ किया गया है। इसके अतिरिक्त संविदा से नियुक्त शिक्षक भी अध्यापन करा रहे हैं।

# मनरेगा के अमृत सरोवरों को ग्रामीणों की आजीविका का साधन बनाएं : सीईओ




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सीईओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने बुधवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, डी एम एफ के कार्य सहित अन्य योजनाओं की गहन समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में निर्मित अमृत सरोवरों को ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन का सशक्त साधन बनाया जाए। ग्रामीणों को मत्स्य पालन हेतु प्रेरित किया जाए तथा मत्स्य विभाग के सहयोग से सरोवरों में मत्स्य बीज डाला जाए। साथ ही सरोवरों के तट व मेढ़ पर दलहन फसल लगाकर अतिरिक्त आय का मार्ग प्रशस्त किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सभी अधूरे आवासों को प्राथमिकता से पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ और एसडीओ को निर्देश दिए कि ग्राम सचिवों एवं आवास मित्रों की नियमित समीक्षा करें तथा मैदानी अमला सतत ग्राम भ्रमण कर हितग्राहियों को समय पर आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करें। सीईओ ने वित्तीय वर्ष 2025- 26 में खनिज न्यास संस्थान मद से स्वीकृत स्कूल, आंगनवाड़ी भवन, पीडीएस गोदाम के निर्माण कार्य 15 सितंबर तक हर हाल में प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता एवं जन-सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए तैयार किए जा रहे क्यूआर कोड शीघ्र ही सभी ग्राम पंचायत भवनों में चस्पा किए जाएं। इसके साथ ही युक्तधारा पोर्टल पर लक्ष्य अनुसार कार्य स्वीकृति, लंबित सामाजिक अंकेक्षण प्रकरणों का निराकरण एवं वसूली शीघ्र पूर्ण की जाए। सीईओ ने सभी जनपद पंचायतों को एनआरएम एवं एग्रीकल्चर श्रेणी के कार्यों में निर्धारित प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने, ईएमबी के माध्यम से कार्य मूल्यांकन- सत्यापन समय सीमा में पूर्ण करने तथा एरिया ऑफिसर एप में आवास व मनरेगा कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य 2 अक्टूबर तक हर हाल में पूर्ण किए जाएं।










**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 666/25 दिनांक 28/08/2025

श्री **मुश्ताक खान** (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 ए.आर 9362** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख.....

**Registered Authorty
Bilaspur(C.G)**

**शपथ-पत्र**

मैं सहदेव, उम्र-66 वर्ष, पिता स्व. मुकुन्द दास, निवासी मकान नं. 985 चेक पोस्ट, शिवमंदिर, वार्ड नं. 38, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार कार्ड नंबर 7621 4602 8581 है।

2. यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सहदेव दर्ज है।

3. यह कि, मेरे द्वारा बजाज एलायंज लाईफ लॉग लाईफ गोल लिमिटेड प्रीमियम शाखा कोरबा से एक पॉलिसी क्रय किया है जिसका पॉलिसी संख्या 0413974755 है जिसमें मेरा नाम सहदेव दास महंत दर्ज है।

4. यह कि, सहदेव एवं सहदेव दास महंत उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है । मेरा सही नाम सहदेव है भविष्य में भी मुझे इसी नाम जाना, पहचाना, पढ़ा, लिखा एवं माना जावे।

5. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे आवश्यकतानुसार संबंधित कार्यालय / विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता
सहदेव**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)
ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयसिह पिता रघुनाथ सिंह साकिन सुमेधा तहसील कटघोरा के द्वारा ग्राम बरकुटा तहसील दीपका में आवेदक की दादी अमृता बेवा गौटिन एवं जोतकुंवर बेवा गौटिन के नाम दर्ज भूमि कुल ख.न. 14 कुल रकबा 3.63 ए. भूमि एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा परियोजना में अर्जन कर लिया गया है। अर्जन के पश्चात एस.ई.सी.एल के राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश आवेदक के दादी का नाम अमृता पिता गौटिन एवं जोतकुंवर पिता गोटिन दर्ज होने से उसे सुधार करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 08/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्तिदावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार
दीपका**

**न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)
ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202508054200012/
अ-6(अ)/2024-25
ग्राम ढ़पढ़प प.ह.नं. 08
तहसील कटघोरा जिला कोरबा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम ढ़पढ़प प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. जवाली तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुलारे पिता बिलट राम जाति सोनार, निवासी ग्राम ढ़पढ़प तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम ढ़पढ़प प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. जवाली स्थित भूमि ख.नं. 381/1, 382/2 रकबा 0.040 हे. भूमि को आवेदक द्वारा वर्ष 1993 में विक्रेता बोधीराम पिता रामसाय से बैनामा रजिस्ट्री के द्वारा क्रय किया गया है। वर्तमान राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश आवेदक का नाम दर्ज नहीं होकर बड़े झाड़ का जंगल मद में दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेखों में आवेदक दुलारे पिता बिलट राम के नाम पर दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/09/2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान :- कटघोरा

**नायब तहसीलदार
कटघोरा**

## खबर संक्षेप



### रेकी में आयोजित हुआ जस जागरण

**हरदीबाजार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रेंकी में नव जागृति गणेश उत्सव समिति के द्वारा गणेश उत्सव मनाया गया। जिसमें समिति के द्वारा विशू श्रीवास के मां भगवती जस जागरण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से हरदीबाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, जनपद सदस्य श्रीमती हीरामती पटेल, सरपंच तीजराम उर्रे, उप सरपंच शिवनारायण यादव, नाथूराम पटेल, भरत पटेल, अनिल पटेल, रामनाथ पटेल, हिसलाल पटेल, रामनरेश पटेल, प्रदीप पटेल, हृदय पटेल, निर्मल पटेल, राजु पटेल, प्रमिल पटेल, संतोष पटेल,राम कुमार पटेल, अरविंद पटेल और सभी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### गणपति बप्पा का किया गया विसर्जन



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार में भारतीय जनता पार्टी मंडल हरदीबाजार के कोषाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि ब्यास राठौर व कैलाश राठौर के द्वारा अपने निवास में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर सुबह-शाम पूजा-अर्चना सेवा किए। वहीं हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को स्थानीय तालाब में भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया गया। विसर्जन पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल हरदीबाजार के कोषाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि ब्यास राठौर,श्रीमती सीमा राठौर,श्रीमती रीतू राठौर,युवा मोर्चा मंडल महामंत्री निखिल राठौर, नीलिमा राठौर, निधि राठौर, शिवम राठौर, अमन राठौर, आलोक राठौर के अलावा परिवारजन व बच्चे उपस्थित थे।

### मुख्य मार्ग पर बह रहा अस्पताल परिसर का गंदा पानी



**कोरबा।** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग पर ट्रॉमा सेंटर के समीप पिछले कई दिनों से अस्पताल परिसर से निकला पानी बह रहा है, जिससे पूरे रास्ते में गंदगी फैल रही है। यह हालात मरीजों की परेशानी और भी बढ़ा रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीजों और परिजनों की आवाजाही होती है। इलाज की उम्मीद में आने वाले लोगों का कहना है कि हम अस्पताल तो सेहत के लिए आते हैं, लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही गंदे पानी और बदबू से गुजरना पड़ता है। ट्रॉमा सेंटर के पास चल रहे निर्माण कार्य के चलते पानी की निकासी बाधित हो गई है, जिसकी वजह से यह समस्या बनी हुई है।

## आमगांव को विलोपित कर जबरन मकानों को तोड़ दिया

# न नौकरी मिली, न बसाहट, मांगों को लेकर ग्रामीण बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

आमगांव दर्राखांचा को एसईसीएल दीपका व गेवरा प्रबंधन व कलिंगा कम्पनी के द्वारा जबरन खाली कर मकानों को ध्वस्त कर दिया, लेकिन ग्राम वासियों को आज पर्यांत तक उनका मौलिक अधिकार नहीं मिल पाया। इससे

**खास बात**

- आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन किया स्थगित



धरना देते प्रभावित ग्रामीण।

आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को आमगांव चौक के पास अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर एसईसीएल गेवरा प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर मांगों को पूरा नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन खदान बंद आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल दीपका व गेवरा प्रबंधन को अब कोयला खोदाई के लिए जमीन मिल गई। अब उन्हें ग्रामीणों की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। आज भी गेवरा कार्यालय में सरस्वती बाई, लोकेश्वर सिंह, मुकेश कुमार, राजेश कुमार कंवर, सुनीता कंवर, वीरेंद्र कंवर, देव श्री, महिपाल सिंह कंवर सहित अन्य लोगों की नौकरी की फाईल धुल खाते पड़ी है। वहीं बसाहट में प्रर्याप्त जमीन नहीं होने से सभी को बसाहट नहीं मिल पाया है। कुछ बेवाओं को बसाहट मिला है अन्य बचे बेवाओं को भी बसाहट का लाभ मिले, नौकरी के लिए आज भी प्रर्याप्त दस्तावेज संलग्न नहीं होने का हवाला देकर नौकरी के सारे दस्तावेज कार्यालय में दबाकर बैठे हैं। आमगांव दर्रा खांचा में स्थित शासकीय पूराना बिंझवार आश्रम, कन्या स्कूल अन्य शासकीय भवनों को बाहरी नेतानुमा लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया और उनके नाम में नापी कर मुआवजा भी दे दिया, जिसे निरस्त करने की भी मांग की है। साथ ही बसाहट में बिजली, पानी, नाली व सड़क की व्यवस्था दुरुस्त करने मांग रखी है। आमगांव वासियों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने की सूचना मिलने पर हरदीबाजार पुलिस व नायाब तहसीलदार संदीप गुप्ता व एसईसीएल गेवरा प्रबंधन की ओर से नरसिम्हा राव राजस्व अधिकारी, सुरेश चौहान सीएसआर मौके पर पहुंच कर एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित किया। साथ ही एक सप्ताह के भीतर आश्वासन पूरा नहीं होने पर अनिश्चितकालिन खदान बंद आंदोलन की चेतावनी दी है। अब देखना होगा कि क्या एसईसीएल अपने आश्वासन पर कायम रहता है या फिर ग्रामीण अपनी जायज मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन खदान बंदी करने को बाध्य होते हैं।

# डीएमएफ में घोटाला करने वालों पर होगी कार्रवाई: रामविचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में किए गए डीएमएफ घोटाले पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आरोपियों के बयान और सबूतों के आधार पर कार्यवाही आगे बढ़ रही है। प्रदेश में यूरिया और डीएपी की कोई व्यापक कमी नहीं है, जहां आंशिक कमी है वहां सितंबर के अंत तक आपूर्ति पूरी कर दी जाएगी।

**खास बात**

- कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा, खाद की नहीं होगी कमी

उक्त बातें प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जिले के प्रवास के दौरान कही। दरअसल लुत्ती डैम टूटने से हुआ हादसा लगातार गहराता जा रहा है। इस हादसे में अब तक एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं तीन लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। घटना की गंभीरता को देखते कृषि मंत्री श्री नेता जिले से सीधे बलरामपुर के लिए रवाना हो गए हैं। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि वे स्वयं प्रभावित परिवार से मुलाकात करेंगे और हरसंभव मदद दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभावित परिवार को मुआवजे की राशि भी शीघ्र प्रदान की जाएगी। कृषि मंत्री श्री नेताम ने जिले में डी ए म ए फ घोटाले पर कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया। मंत्री ने खाद की उपलब्धता पर स्थिति स्पष्ट की।



रामविचार नेताम

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री से भी चर्चा की है। श्री नेताम ने कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई का संकेत दिया। विभाग को सतत निगरानी के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस साल अधिक बारिश के कारण धान की फसल अच्छी हुई है। हालांकि, अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। विभाग इसका निरीक्षण कर रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और गड़बड़ी करने वालों पर शासन-प्रशासन पूरी सख्ती से कार्यवाही करेगा।

# अगस्त माह में एसईसीएल ने किया रिकॉर्ड 1401 रेक कोयला डिस्पैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने अगस्त 2025 माह में 1401 रेक कोयला डिस्पैच कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष अगस्त 2024 में हुए 1042 रेक डिस्पैच की तुलना में लगभग 34.45 प्रतिशत अधिक है। एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट्स में गेवरा से 268 रेक, दीपका से 202 रेक और कुसमुंडा से 271 रेक, देश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों को भेजे गए। वहीं रायगढ़ क्षेत्र ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 248 रेक कोयला डिस्पैच किया। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से



फाइल फोटो

अगस्त 2025 तक की अवधि में कंपनी ने कुल 7699 रेक कोयला डिस्पैच किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.21 प्रतिशत अधिक है। रेल मार्ग से कुल कोयला प्रेषण में भी वित्त वर्ष 25-26 में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एसईसीएल में तेजी से लागू हो रहे एफएमसी (फर्स्ट माईल कनेक्टिविटी) प्रोजेक्ट्स ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेल मार्ग से कोयला डिस्पैच न केवल अधिक कुशल है, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी लाभकारी है। वर्तमान में एसईसीएल में 17 एफएमसी प्रोजेक्ट्स क्रियान्वित किए जा रहे हैं जिनकी संयुक्त क्षमता 233 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। इनमें से 9 प्रोजेक्ट्स (151 एमटीपीए) पहले ही कमीशन हो चुके हैं, जबकि शेष 8 प्रोजेक्ट्स (82 एमटीपीए) विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं और अगले 2-3 वर्षों में पूर्ण होने की संभावना है।

# मां नवदुर्गा उत्सव समिति ने किया पंडाल निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार पुराना दीपका रोड में क्वांर नवरात्रि पर दुर्गा उत्सव व माता की मूर्ति स्थापना के लिए मां नवदुर्गा उत्सव समिति ने पंडाल निर्माण के लिए विधिवत पंडित रमाकांत महराज के द्वारा भूमिपूजन किया। यह समिति का तीसरा वर्ष है जो 9 दिन व रात में माता जी भक्ति, भागवत कथा से समुचे क्षेत्र के वातावरण को भक्तिमय कर देती है। भूमिपूजन में पंडित रमाकांत महराज, सरपंच लोकेश्वर कंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, गुलशन जायसवाल, अशोक डिक्सेना, उमेश राठौर, पंकज धुर्वा, उमेश वस्त्रकार, दिलीप राठौर, रामरतन राठौर, अभिषेक राठौर, बजरंग कौशिक, सचिव बिसाहू राम, पिंटू राठौर, विक्की जायसवाल, संजू राठौर सहित अन्य समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।



भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं समिति के सदस्य।

# नवपदस्थ अधीक्षण अभियंता का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन, वितरण शाखा कोरबा द्वारा नवपदस्थ अधीक्षण अभियंता बीके सरकार का कोरबा वृत्त में स्वागत किया गया। गुरूवार को यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पदाधिकारियों के नेतृत्व में वृत्त कार्यालय जाकर अधीक्षण अभियंता को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कर्मचारी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री सरकार ने प्रतिनिधिमंडल से प्राप्त विषयों की समीक्षा कर उनके समाधान के लिए सहमति जताई और संगठन द्वारा प्रस्तुत सभी कर्मचारी एवं कंपनी हित के मुद्दों पर त्वरित एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सौजन्य भेंट में जनता यूनियन के



प्रांतीय सह संगठन सचिव पी के पाठक, प्रांतीय सदस्य यू के श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य एल एन यादव, संरक्षक आर के अग्रवाल, वितरण शाखा अध्यक्ष सम्मेलाल श्रीवास, सचिव घनश्याम गबेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह राठौड़, संगठन सचिव लक्ष्मी प्रसाद यादव, प्रचार सचिव कुशल सोनवानी, सहकोषाध्यक्ष पंकज सिंह ठाकुर, जनरेशन शाखा सचिव पीके राठौर, कार्यकारिणी सदस्य अरुण सागर, रेशम लाल राठौर, संजय राठौर, धीरेन बरेठ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गणेश पंडाल पर गिरा पेड़, भगवान की प्रतिमा व पंडाल में सो रहे बच्चे बचे




पंडाल पर गिरा पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 21 सीएसईबी कॉलोनी में गणेशोत्सव के अवसर पर बनाए गए पंडाल पर गुरुवार की सुबह तेज बारिश के दौरान अचानक एक विशाल वृक्ष गिर पड़ा। तेज बारिश और हवाओं के बीच हुई इस घटना से पूरा क्षेत्र दहल उठा। पंडाल के भीतर भगवान गणेश की प्रतिमा विराजमान थी और पांच बच्चे वहीं सो रहे थे। गनीमत रही कि न तो बच्चों को चोट आई और न ही प्रतिमा को क्षति पहुंची। इस अप्रत्याशित घटना को लोग किसी ईश्वरीय चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि सुबह लगभग 7 बजे एक तेज धमाका हुआ। लोग घरों से बाहर निकले तो देखा कि गणेश पंडाल के ऊपर लगभग 55 वर्ष पुराना विशालकाय वृक्ष गिरा हुआ है। पंडाल की बांस-बल्लियों से बनी संरचना दब गई थी लेकिन अंदर बैठे बच्चे और प्रतिमा सुरक्षित थे। मौके पर मौजूद कॉलोनीवासियों ने तुरंत बच्चों को बाहर निकाला। कॉलोनीवासियों का कहना है कि क्षेत्र में कई पुराने वृक्ष खड़े हैं, जिनकी जड़ें पूरी तरह खोखली हो चुकी हैं। बारिश और आंधी में इनके गिरने की घटनाएँ आम हो गई हैं। लोगों ने सीएसईबी प्रबंधन को कई बार आवेदन देकर वृक्षों की छंटाई और देखरेख की माँग की है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com

तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

PATH | Vidya Bhawan Society, Udaipur
vedanta transforming for good | balco
बालको कनेक्ट कोचिंग प्रोग्राम
निःशुल्क CGPSC एवं CGVYAPAM कोचिंग
भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) सामुदायिक विकास के अंतर्गत
सपनों को दिशा, सफलता की तैयारी कोरबा के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ
- PATH IAS Academy द्वारा CGPSC एवं CGVYAPAM कोचिंग की निःशुल्क पुस्तकें व अध्ययन सामग्री
- सुसज्जित लाइब्रेरी की सुविधा
- ग्रुप डिस्कशन एवं मॉक टेस्ट
- राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज में भागीदारी
- लिखित परीक्षा हेतु विशेष अभ्यास
- निःशुल्क PATH IAS Academy की टेस्ट सीरीज़ एवं सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा क्लास
- मोटिवेशनल सत्र एवं मेंटरिंग सुविधा
- साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट
- सभी कक्षाएं ऑफलाइन + ऑनलाइन क्लासेस एवं डिजिटल बोर्ड, इंटरनेट तथा एसी युक्त
- साक्षात्कार हेतु मॉक इंटरव्यू का अभ्यास
पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड स्कैन करने
पंजीकरण शीघ्र करें!
अंतिम तिथि: 9 सितंबर 2025 | प्रवेश परीक्षा तिथि: 21 सितंबर 2025
परीक्षा केंद्र एवं समय संबंधित जानकारी एडमिट कार्ड में प्रदान की जाएगी।
अधिक जानकारी के लिए कॉल | व्हाट्सप करें
+91-8224922922 | +91-7509143143
छत्तीसगढ़ सरकार की शैक्षिक दृष्टि के अनुरूप, बालको, विद्या भवन सोसाइटी एवं पाथ आईएएस के सहयोग से संचालित